दिनांक–02.06.2024
समय–7.10एएम
प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार :–

- **अंतिम चरण के मतदान के बाद जारी एग्जिट पोल में एनडीए को भारी बहुमत की भविष्यवाणी, प्रदेश में भी एकतरफ जीत का अनुमान**
- **राज्य में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारी पूरी।**
- **प्रदेश में लोगों को जागरूक करने के लिए कल से शुरू हुआ मलेरिया निरोधक माह**
- **मौसम का बदला मिजाज, 21 जिलो में आज तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान**

**एग्जिट पोल**

**लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले एग्जिट पोल्स में भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए कीसरकार बनने की भविष्यवाणी की गई है। विभिन्न सर्वे एजेंसियों द्वारा निजी समाचार चैनलों के लिए किए गए सर्वे में भारी बहुमत से मोदी सरकार की वापसी का दावा किया गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली में भाजपा को एकतरफा बढ़त का अनुमान बताया गया है। मध्यप्रदेश की 29 सीटों में से भाजपा को 28 से 29 और वहीं राजस्थान में भी 23 सीटें मिलने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में 69 से 74 और छत्तीसगढ़ में 10 से 11 सीटें भाजपा जीत सकती है। पश्चिम बंगाल में उलटफेर होता दिख रहा है। यहां भाजपा को 26 से 31 सीटें मिलने के आसार हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को साढ़े तीन सौ से ज्यादा सीट मिलने का अनुमान जताया गया है, वहीं इंडि गठबंधन 140 सीटों के आसपास हासिल करता हुआ दिख रहा है। हालांकि ये एग्जिट पोल के आंकड़े हैं, नतीजों की पूरी तस्वीर 4 जून को चुनाव परिणाम के बाद ही स्पष्ट होगी।**

**सातवें चरण का चुनाव**

**लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में कल 62 दशमलव तीन-छह प्रतिशत मतदान हुआ। इस चरण में सात राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 57 संसदीय क्षेत्रों में वोट डाले गए। इनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13-13 सीटें, पश्चिम बंगाल की नौ, बिहार की आठ, ओडिशा की छह, हिमाचल प्रदेश की चार,**

झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक संसदीय सीट शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में कुल 904 उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी, पार्टी नेता अनुराग ठाकुर, रविशंकर प्रसाद और कंगना रनौत, कांग्रेस नेता मनीष तिवारी और विक्रमादित्य सिंह, राजद नेता मीसा भारती और तृणमूल कांग्रेस नेता अभिषेक बनर्जी के नाम प्रमुख हैं। कल ही हिमाचल प्रदेश में छह सीटों और बिहार, उत्तर प्रदेश तथा पश्चिम बंगाल में एक-एक सीट के लिए विधानसभा उप-चुनाव भी संपन्न हुए। सभी चरणों में मतदान शांतिपूर्ण रहा। निर्वाचन आयोग ने निर्भीक मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे।

प्रधानमंत्री-एनडीए गठबंधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उन्हें पूरा विश्वास है कि लोगों ने एनडीए सरकार को फिर चुनने के लिए रिकार्ड संख्या में मतदान किया है। कल सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि लोगों ने हमारे काम और काम करने के तरीके को देखा है, जिससे निर्धन और वंचित लोगों के जीवन में गुणात्मक बदलाव आया है। देश के नागरिकों ने यह भी देखा है कि किस तरह सुधारों से भारत विश्व की पांचवी सबसे बडी अर्थव्यवस्था बन गया है। श्री मोदी ने कहा कि वह विशेष रूप से भारत की नारी शक्ति और युवा शक्ति की सराहना करते हैं, चुनाव में जिनकी मजबूत उपस्थिति काफी प्रेरक रही। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की सक्रिय भागीदारी हमारे लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति है।

मतगणना तैयारी

लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल भोपाल के पुरानी केंद्रीय जेल स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तेज गर्मी के मद्देनजर मतगणना स्थल पर कूलर, पंखे, ठंडा पानी, मेडिकल किट, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। श्री राजन ने बताया कि 4 जून को प्रदेश के सभी 29 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में

शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतगणना के बाद भी शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे कल ग्वालियर के एमएलबी कॉलेज पहुँचे और कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी रुचिका चौहान के साथ मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने सभी एआरओ एवं मतगणना से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारियों की बैठक लेकर मतगणना की तैयारियों की जानकारी भी ली। डिंडोरी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि 04 जून को मतगणना स्थानीय शासकीय चन्द्र विजय महाविद्यालय परिसर में होगी। यहां शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। उधर गुना में मतगणना स्थल शासकीय पी.जी. कॉलेज में चारों विधानसभाओं के मतों की गणना की जाएगी। निवाड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल मतगणना स्थल का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

गैस राहत

गैस राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा गैस पीड़ितों को आयुष्मान पोर्टल से ई-केवायसी कराने के बाद कार्ड वितरित किये जा रहे हैं। विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 31 मई तक 23 हजार 296 में से 13 हजार 383 गैस त्रासदी पीड़ित आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर चुके हैं। बताया गया है कि शेष सत्यापित भोपाल गैस त्रासदी पीड़ित आवश्यकतानुसार आयुष्मान पोर्टल से ई-केवायसी करवाकर आयुष्मान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। गैस राहत विभाग द्वारा शेष गैस पीड़ितों के संकलन और सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जानकारी सत्यापन के बाद पीड़ितों के कार्ड जल्द ही बनाये जा सकेंगे।

मलेरिया माह

प्रदेश में जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाएगा, आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कल  मौसमी बीमारियों के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से सीएचएमओ ने मलेरिया

**रथ को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया।**

**मौसम**

**अब खबर मौसम की, प्रदेश में कल मौसम के दो रंग देखने को मिले जहां भोपाल सहित खंडवा,शिवपुरी समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई वहीं निवाड़ी का पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां टेम्प्रेचर 47.5 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के सबसे ज्यादा तापमान वाले स्थानो में सिंगरौली, सतना, सीधी, ग्वालियर, खजुराहो, रीवा, शहडोल और नौगांव शामिल रहे। मौसम विभाग ने आज भोपाल, जबलपुर समेत 21 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है, तो वहीं ग्वालियर-निवाड़ी समेत 14 जिलों में लू चल सकती है। विभाग के मुताबिक 30 मई को केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है। 1 जून को यह और आगे बढ़ा। इससे प्रदेश में यह निर्धारित तारीख में आ सकता है।**

**भारत वॉर्म अप मैच**

**भारत ने बीती रात न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के अपने एकमात्र अभ्यास मैच में बांग्लादेश पर 60 रनों की शानदार जीत दर्ज की। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 182 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत के 32 गेंदों पर 53 रन बनाए।**

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- **आगरमालवा में नमामि गंगे अभियान अंतर्गत जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु चलाए जाने वाले विशेष अभियान को लेकर कल जिला पंचायत बैठक हुई।**
- **डिंडोरी जिला प्रशासन द्वारा पोषण के खिलाफ जारी जंग के लिए कल सभी विकासखंडो में रेवा स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कलेक्टर के निर्देशन में कैंप का आयोजन प्रत्येक शनिवार को ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों में किया जाएगा, जहाँ स्वास्थ्य सेवा की पहुँच सुलभ नहीं है।**

- डिंडोरी जिले में पेयजल आपूर्ति के लिए कुछ स्थानों पर विद्युत के 3 फेज नहीं आने के कारण पेयजल आपूर्ति में बाधा आयी है। हालांकि विद्युत विभाग के साथ समन्वय बनाकर इसे ठीक किया जा रहा है, जिससे पेयजल आपूर्ति कि समस्या का निवारण हो सके।
- गुना के अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय निरीक्षण समिति द्वारा कल शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया गया।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्योपुर जिले में सीप नदी के रामेश्वर घाट पर नाव पलटने से 7 लोगों की मृत्यु होने पर दु:ख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से नाव दुर्घटना में मृत लोगों की आत्मा को शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की है।

अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर ....

- अंतिम चरण के मतदान के बाद जारी एग्जिट पोल में एनडीए को भारी बहुमत की भविष्यवाणी, प्रदेश में भी एकतरफ जीत का अनुमान
- राज्य में 4 जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारी पूरी।
- प्रदेश में लोगों को जागरूक करने के लिए कल से शुरू हुआ मलेरिया निरोधक माह
- मौसम का बदला मिजाज, 21 जिलो में आज तेज हवाओं के साथ बारिश का अनुमान

______________________

न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

एग्जिट पोल (1)

लोकसभा चुनाव के नतीजे से पहले एग्जिट पोल्स में भारतीय जनता पार्टी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए की सरकार बनने की भविष्यवाणी की गई है। विभिन्न सर्वे एजेंसियों द्वारा निजी समाचार चैनलों के लिए किए गए सर्वे में भारी बहुमत से मोदी सरकार की वापसी का दावा किया गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, दिल्ली में भाजपा को एकतरफा बढ़त का अनुमान बताया गया है। मध्यप्रदेश की 29 सीटों में से भाजपा को 28 से 29 और वहीं राजस्थान में भी 23 सीटें मिलने का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में 69 से 74 और छत्तीसगढ़ में 10 से 11 सीटें भाजपा जीत सकती है। पश्चिम बंगाल में उलटफेर होता दिख रहा है। यहां भाजपा को 26 से 31 सीटें मिलने के आसार हैं। ज्यादातर एग्जिट पोल में एनडीए को साढ़े तीन सौ से ज्यादा

सीट मिलने का अनुमान जताया गया है, वहीं इंडि गठबंधन 140 सीटों के आसपास हासिल करता हुआ दिख रहा है। हालांकि ये एग्जिट पोल के आंकड़े हैं, नतीजों की पूरी तस्वीर 4 जून को चुनाव परिणाम के बाद ही स्पष्ट होगी।

मतगणना तैयारी (2)

लोकसभा चुनाव की 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारी लगभग पूरी कर ली गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने कल भोपाल के पुरानी केंद्रीय जेल स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने तेज गर्मी के मद्देनजर मतगणना स्थल पर कूलर, पंखे, ठंडा पानी, मेडिकल किट, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। श्री राजन ने विधानसभावार बनाए गए मतगणना कक्षों में जाकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को भी देखा। श्री राजन ने बताया कि 4 जून को प्रदेश के सभी 29 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी तरीके से मतगणना कराने की तैयारी पूरी कर ली गई है। मतगणना के दौरान सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मतगणना के बाद भी शांति बनाए रखने के लिए सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए गए हैं। प्रदेश के संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बसंत कुर्रे कल ग्वालियर के एमएलबी कॉलेज पहुँचे और कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी रुचिका चौहान के साथ मतगणना की तैयारियों का जायजा लिया।

उन्होंने सभी एआरओ एवं मतगणना से संबंधित विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारियों की बैठक लेकर मतगणना की तैयारियों की जानकारी भी ली। डिंडोरी से हमारे संवाददाता ने बताया है कि 04 जून को मतगणना स्थानीय शासकीय चन्द्र विजय महाविद्यालय परिसर में होगी। यहां शांति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था के लिए तैनात पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की मजिस्ट्रियल ड्यूटी लगाई गई है। उधर गुना में मतगणना स्थल शासकीय पी.जी. कॉलेज में चारों विधानसभाओं के मतों की गणना की जाएगी। निवाड़ी में जिला निर्वाचन अधिकारी ने कल मतगणना स्थल का निरीक्षण कर जरूरी दिशा निर्देश दिए।

मलेरिया माह (3)

प्रदेश में जून माह को मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जाएगा,

आगरमालवा से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में कल मौसमी बीमारियों के प्रति जन-जागरूकता लाने के उद्देश्य से सीएचएमओ ने मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखा कर रवाना किया, यह रथ जिले के विभिन्न गाँवो में जाकर बैनर-पोस्टर एवं माईक द्वारा प्रचार-प्रसार कर लोगो में मलेरिया, डेगु, चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरो से बचाव के विभिन्न तरीको से जनजागरूकता फैलाने का कार्य करेगा। खंडवा में भी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने कल मलेरिया जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजगढ़ में भी कल जागरूकता रवाना किया गया। मलेरिया रथ के गांव-गांव में प्रचार प्रसार के लिए सभी को रोगों से बचाव मुख्यत: मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फायलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए किया जा रहा है।

मौसम (4)

अब खबर मौसम की, प्रदेश में कल मौसम के दो रंग देखने को मिले जहां भोपाल सहित खंडवा,शिवपुरी समेत कुछ जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई वहीं निवाड़ी का पृथ्वीपुर सबसे गर्म रहा। यहां टेम्प्रेचर 47.5 डिग्री दर्ज किया गया। प्रदेश के सबसे ज्यादा तापमान वाले स्थानो में सिंगरौली, सतना, सीधी, ग्वालियर, खजुराहो, रीवा, शहडोल और नौगांव शामिल रहे। पृथ्वीपुर के बाद छतरपुर के बिजावर में टेम्प्रेचर 46.3 डिग्री, सिंगरौली में 46.2 डिग्री, सतना में 46.1 डिग्री, सीधी में 45.6 डिग्री, ग्वालियर में 45.6 डिग्री, खजुराहो में 45.4 डिग्री, रीवा में 45.2 डिग्री, शहडोल में 45.1 डिग्री, नौगांव में 45 डिग्री और दमोह में 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने आज भोपाल, जबलपुर समेत 21 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है, तो वहीं ग्वालियर-निवाड़ी समेत 14 जिलों में लू चल सकती है। विभाग के मुताबिक 30 मई को केरल में मानसून ने दस्तक दे दी है। 1 जून को यह और आगे बढ़ा। इससे प्रदेश में यह निर्धारित तारीख में आ सकता है।

-----------------------